प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं.: (0755) 2578801-02 फैक्स नं. : 0755-2550498 वेबसाईट : www.peb.mp.gov.in

परीक्षा–परिणाम

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग म0प्र0 भोपाल के अंतर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी (कार्यपालिक) पदों हेतु भर्ती परीक्षा–2020

ऑनलाईन परीक्षा तिथि	11 दिसम्बर, 2021
ऑनलाईन परीक्षा परिणाम तिथि	24 जनवरी, 2022

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी बोर्ड की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

24/01/2022

24/1/22

प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग म0प्र0 भोपाल के अंतर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी (कार्यपालिक) पदों हेतु भर्ती परीक्षा–2020 का परीक्षा परिणाम।

प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड द्वारा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग म0प्र0 भोपाल के अंतर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी (कार्यपालिक) पदों हेतु भर्ती परीक्षा–2020 (ऑनलाईन परीक्षा) का आयोजन दिनांक 11 दिसम्बर, 2021 को मध्यप्रदेश के 13 शहरों में किया गया था। इसके परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा हेतु ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त **21459** मान्य आवेदन–पत्रों के प्रवेश–पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से ..... **16512** अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस परीक्षा में कुल आवेदक एवं परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों की जानकारी **परिशिष्ट–1** में संलग्न है।
2. परीक्षा उपरांत अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदनों पर अंतिम उत्तर समिति के विषय विशेषज्ञों द्वारा समग्र रूप से विचार/अध्ययन कर अंतिम उत्तरों को अंतिम रूप दिया गया, जिसके आधार पर तथा तदोपरांत नियमानुसार प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया।
3. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई श्रेणी, संवर्ग, लिंग, जन्मतिथि, मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी व अन्य जानकारी के आधार पर नियमानुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
4. परीक्षा में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों तथा अंतिम रूप से प्राप्त श्रेणीवार व संवर्गवार पदों की संख्या, भरे गए पद, रिक्त रहे पद व कटऑफ अंकों का विवरण **परिशिष्ट–1** में संलग्न है।
5. नियमपुस्तिका के अनुसार ऑनलाईन परीक्षा में अनारक्षित श्रेणी के पदों हेतु न्यूनतम 50 प्रतिशत तथा आरक्षित श्रेणी एवं निःशक्तजन के पदों हेतु न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण मानते हुए श्रेणीवार व संवर्गवार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
6. नियमानुसार विकलांग संवर्ग के अभ्यर्थियों से संबंधित पद पूर्व से ही अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत बिना वर्ग/ओपन में सम्मिलित है। अतः जितने भी अभ्यर्थी निःशक्तजन संवर्ग के अंतर्गत मेरिट के आधार पर चयनित हुए हैं, उनके पदों को संबंधित श्रेणी के बिना वर्ग/ओपन के निर्धारित पदों में से घटाकर श्रेणी एवं निःशक्तजन संवर्गवार परिणाम तैयार किया गया है।
7. नियमानुसार समान प्राप्तांक वाले अभ्यर्थियों की आयु के आधार पर पारस्परिक वरीयता निर्धारित की गई है अर्थात् आयु में वरीष्ठ अभ्यर्थी को वरीयता दी गई है।
8. प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्रों के साथ अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के दस्तावेज, अंकसूची, प्रमाण–पत्र आदि नहीं मंगाए गए थे। अतः तैयार की गई प्रावीण्य/प्रतीक्षा सूची के आधार पर आवेदक की समस्त जानकारियों, दस्तावेजों, प्रमाण–पत्रों आदि का सत्यापन व परीक्षण संबंधित विभाग/ कार्यालय के स्तर से किया जायेगा तथा उचित पाए जाने पर ही संबंधित विभाग/कार्यालय के नियमानुसार अंतिम चयन/नियुक्ति की कार्यवाही की जायेगी।
9. बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम तैयार कर संबंधित विभाग/कार्यालय को उपलब्ध करवाया जायेगा। अतः परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत समस्त कार्यवाही विभाग/कार्यालय स्तर से की जायेगी।
10. नियमपुस्तिका में दिए गए प्रावधान अनुसार "अंतिम उत्तर कुंजी" तथा "परीक्षा परिणाम" की जानकारी पी.ई.बी. की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है, जहॉं से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल,
दिनांक : 24/01/2022

24/01/2022

नियंत्रक
प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड
भोपाल